न्याययुक्त, समतामूलक और संपोषणीय भारत के लिए जारी घोषणा पत्र

विकल्प संगम आम सभा के सदस्यों द्वारा (अंत में सूचीबद्ध)

नवंबर 2023

विकल्प संगम एक प्रक्रिया है जहां ऐसे सभी समूहों, व्यक्तियों और प्रयोग कर्ताओं को मंच दिया जाता है जो मनुष्य और स्वस्थ पारिस्थितिकी के लिए न्याय, समता और संपोषण की दिशा में काम कर रहे हैं. यह वर्तमान के विकास के ढांचे को अस्वीकार करता है जिसमें असमानता निर्मित होती है और जिसके मूल में अन्याय है. यह दृष्टिकोण और अभ्यास में विकल्प की खोज करता है. 85 से ज्यादा संस्थाएं और प्रयोगकर्ता इस आम सभा के सदस्य हैं, जिनको लेख के अंत में सूचीबद्ध किया गया है.

और अधिक जानकारी के लिए नीचे लिखे वेबसाइट पर जाएं :
http://www.vikalpsangam.org/about/

सामग्री **पृष्ठ संख्या**

भाग 1 : वादे जो हम करते हैं और हमारी अपेक्षा 2

भाग 2 : किए गए कामों का सार और समीक्षा 4

भाग 3 : क्षेत्र आधारित काम, विस्तार से 8

भाग 4 : युवाओं की मजबूत भागीदारी का एक विशेष दृष्टिकोण 25

विकल्प संगम आम सभा के सदस्य 26

भाग 1 : वादे जो हम करते हैं और हमारी अपेक्षा

हम उस भारत के लिए प्रतिज्ञा लेते हैं और सभी नागरिकों से प्रतिज्ञा लेने को कहते हैं, जो कि न्याययुक्त, समता मूलक और संपोषणीय हो, वर्तमान के लिए ही नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी, साथ में सम्पूर्ण प्रकृति के लिए भी. भारत ऐसा हो जहां :

- जीवन और आजीविका में पूर्णता के साथ व्यस्तता के लिए भौतिक, सांस्कृतिक, नैतिक और आध्यात्मिक अवसरों के द्वारा सभी के कल्याण और स्वास्थ्य की सुनिश्चितता हो
- लोकतंत्र के प्रत्यक्ष रूप में निर्णय प्रक्रिया के द्वारा सीधी भागीदारी के अर्थपूर्ण मार्ग की उपलब्धता हो
- लिंग, जाति, वर्ग, संजाती, धर्म, संतति, क्षमता, लैंगिक रुझान, और ऐसी अन्य किसी पहचान के आधार पर कोई भेदभाव नहीं हो
- संस्कृति, ज्ञान और आस्था में विविधता और अनेकवाद का सम्मान हो और सौहार्दपूर्ण सह-अस्तित्व हो: और
- प्रकृति व पारिस्थितिकीय, जिस पर जीवन निर्भर है, में अन्य सभी का सम्मान हो

सामाजिक संगठन और आन्दोलनकर्ता के रूप में, हम यह प्रतिज्ञा करते हैं कि ऐसे समाज की स्थापना के लिए हम पूरा प्रयास करेंगे और सामान्य जनता के प्रति जवाबदेह भी रहेंगे. हम सरकारी संस्थानों, व्यवसाय, मीडिया और अन्य से भी ऐसी अपेक्षा करते हैं व इस की मांग करते हैं.

उपरोक्त प्रतिज्ञा की (इससे संबंधित उठाए गए कदम का हम नीचे जिक्र करेंगे), आज के संकटपूर्ण समय, जिसका हम सामना कर रहे हैं, के संदर्भ में अविलंब आवश्यकता है. सामाजिक टकराव और जातीयता या धार्मिक तनाव, असहिष्णुता, असमानता, खराब स्वास्थ्य, सांस्कृतिक धरोहर और विविधता का क्षरण, पारंपरिक ज्ञान और कौशल का ह्रास, और व्यापक परिस्थितिकीय

विध्वंस का एक तूफ़ान सा सब ओर उठ रहा है. इसका मुख्य कारण वर्तमान में हावी आर्थिक विकास का मॉडल है, जिसके अंतर्गत व्यापक औद्योगीकरण और ढांचागत विकास को प्राथमिकता के साथ प्रकृति और सामाजिक संबंधों का वस्तुतिकरण, और मुख्यतः पुरुष वर्चस्व है. सत्ता का बल, धार्मिक अलगाव की भावना भी इसको बढ़ावा देती है, जिस के मूल में सामाजिक असमानता और विभिन्न प्रकार के भेद भाव हैं जिसमें लिंग और जाति भी सम्मिलित हैं. यह रुझान, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के पिछले कुछ दशकों में, इन वर्गों द्वारा प्राप्त हुई उन्नति को कमजोर कर रहा है या रोक रहा है. हम महिलाओं, युवाओं, लैंगिक अल्पसंख्यकों, विकलांगता से पीड़ित लोगों, संजातीय समुदायों, उत्पीड़ित जातियों, धार्मिक अल्पसंख्यकों, और आमतौर पर मुख्य प्रणाली द्वारा बाहर रखे गए अन्य लोगों की सक्रिय भागीदारी के साथ मानव प्रकृति के अनुकूल न्यायसंगत और समावेशी कल्याण में विश्वास करते हैं.

2019 के बाद जब हमने जन घोषणा पत्र जारी किया था (http://vikalpsangam.org/article/peoples-manifesto-for-a-just-equitable-and-sustainable-india-2019/), तब से उपरोक्त कई संकटों में महत्वपूर्ण रूप से बढ़ोतरी हुई है. उदाहरण के लिए, भारत के कई स्वायत्तता वाले क्षेत्रों जैसे कि जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, लक्षद्वीप और उत्तर पूर्व को केंद्रीकृत शासन में लाए जाने की कार्यवाही. अन्य जो सामने दिख रहे हैं, जैसे बढ़ता पारिस्थितिकी विनाश (उदाहरण के लिए जैसे, जोशीमठ का डूबना और जलवायु संकट से संबंधित चरम मौसम की घटनाएं), धार्मिक या जातीय संघर्ष जैसे कि मणिपुर का घटनाक्रम, और यौन हिंसा को माफ किया जाना या राज्य के संस्थानों द्वारा प्रोत्साहित किया जाना, जैसा कि बिलकिस बानो के मामले में हुआ.

भारत जिन अनेक संकटों का सामना कर रहा है, इससे निपटने के लिए भारत के संवैधानिक मूल्य और एक सार्थक लोकतांत्रिक और गरिमा पूर्ण समाज के प्रति एक नई प्रतिबद्धता बननी आवश्यक है, जिसके अंतर्गत सभी निर्णयों और कार्यों का केंद्रीय उद्देश्य हो और जिसमें सार्वजनिक योजनाएं भी शामिल हों. इसके लिए समाज के प्रत्येक क्षेत्र में तत्काल अल्पकालिक और दीर्घकालिक कदम उठाने की आवश्यकता है.

मोटे तौर पर हम नीति और कार्यक्रम के स्तर पर निम्नलिखित कार्यवाही की मांग कर रहे हैं, भाग 2 में रूपरेखा और भाग 3 में विस्तृत विवरण के साथ भाग 4 में युवाओं से संबंधित विशेष खंड दिया गया है।

विकल्प संगम के लिए संपर्क करें:
KJ Joy, joykjjoy2@gmail.com

Shrishtee Bajpai, shrishtee.bajpai@gmail.com
Yash Marwah, yash@letindiabreath.org
Asmi Sharma, asmixsharma@gmail.com

किए गए कामों का सार और समीक्षा

भारत की अर्थव्यवस्था, समाज, राजनीति, संस्कृति और पर्यावरण से संबंधित संस्थान, नीतियां और कार्यक्रम के दिशा निर्देश में आधारभूत बदलाव के लिए निम्नलिखित कार्यवाही शामिल हो.

1. **सरकार की सभी बजट नीतियों और कार्यक्रमों में सर्वोच्च प्राथमिकता समाज के सबसे कमजोर वर्गों को दिया जाना जिनमें जाति, लिंग, लैंगिक रुझान, वर्ग, जातीयता, आस्था, धर्म, नस्ल, क्षमता,विकलांगता, साक्षरता, भौगोलिक स्थिति और ऐसी अन्य विशेषताओं के आधार पर भेदभाव किया जाता है. सरकार द्वारा कॉरपोरेट सेक्टर में भी इस प्राथमिकता को सुनिश्चित करना.**

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या इससे कमजोर लोगों को लाभ हो रहा है, क्या इससे भेदभाव कम हो रहा है?

2. **भारतीय समाज द्वारा सामना की जा रही सकल आर्थिक असमानता से निपटने के लिए मजबूत उपाय जिसमें वेतन स्तर की सीमा, उच्चतम और निम्नतम आय स्तर के अनुपात में महत्वपूर्ण कमी, समृद्धों की आय, संपत्ति और विरासत पर उच्च कराधान, कमज़ोरों के लिए बुनियादी न्यूनतम आय और रोजगार गारंटी शामिल है, प्राथमिक क्षेत्र के सभी श्रमिकों के लिए पेंशन, और विशाल अवैध अर्थव्यवस्था पर अंकुश लगाने के लिए कदम जो संसाधनों को उन जगहों से दूर ले जाते हैं जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है.**

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या यह आर्थिक असमानता को कम करता है, क्या यह उन लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाता है जो वर्तमान में हाशिये पर हैं?

3. **विद्यालयीन स्तर से ही विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों, आस्थाओं और जातीयता के लोगों के बीच सद्भाव स्थापित करने और विविधता बनाए रखने के लिए व्यापक प्रसार कार्यक्रम और गलत सूचना, नफरत, और मनमुटाव फैलाने वालों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही.**

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या इससे सद्भाव बढ़ता है, क्या यह सामाजिक संघर्ष, भ्रांतियां और तनाव को कम करता है?

4. **ग्राम सभा और शहरी क्षेत्र या मोहल्ला सभाओं को संविधान में पहले से ही प्रदान की गई शक्तियों और प्रासंगिक कानूनों के अलावा वित्तीय और कानूनी शक्तियों के साथ सशक्त बनाने वाले निर्णय लेने की प्रक्रिया का लोकतंत्रीकरण, अपने क्षेत्र में गतिविधियों के लिए ऐसे निकायों की पूर्व सूचित सहमति की प्रक्रिया सुनिश्चित करना, परिदृश्य स्तरों पर निर्णय लेने वाले मंच, जैसे नदी घाटियों और उप घाटियों, की शुरुआत करना. इसमें युवा, महिलाओं, लैंगिक अल्पसंख्यकों, विकलांग लोगों और कमज़ोर या हाशिये पर रहने वाले वर्ग की भागीदारी को सुनिश्चित करने और गठित करने के लिए**

आवश्यक कदम उठाए जाएँ, आवश्यक समर्थन के साथ, ना कि किसी 'प्रतिनिधि' द्वारा इन वर्गों का प्रतिनिधित्व हो.

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या इससे सभी लोगों विशेष कर वर्तमान में हाशिये पर पड़े लोगों की सार्थक भागीदारी बढ़ती है?

5. **राज्य के सभी संस्थानों, राजनीतिक दलों, निगमों, वित्तीय संस्थानों, और मीडिया घरानों की जवाबदेही और पारदर्शिता पर एक व्यापक नीति और कानून और उन कानूनों के प्रावधानों को निरस्त करना जो राज्य की पुलिस और सशस्त्र बलों को कठोर शक्तियां प्रदान करते हैं, लोकतांत्रिक असहमति को दबाने में सक्षम बनाते हैं.**

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या यह जनता के लिए पूरी तरह से पारदर्शी है, क्या इससे जवाबदेही बढ़ती है, क्या यह राज्य की बेहिसाब शक्ति को कम करता है?

6. **आजीविका पर एक व्यापक कार्यक्रम जो पारंपरिक और आधुनिक कौशल और ज्ञान को जोड़े, साथ ही सभी योजनाओं और बजट में कृषि (कृषि, पशु चारण, मत्स्य पालन और वानिकी) और शिल्प निर्माण, इन दो सबसे बड़े आजीविका के क्षेत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता: इसमें उन सभी उत्पादों और सेवाओं को आरक्षित करना शामिल किया जाए जो लोकतांत्रिक रूप से संचालित उत्पादक सामूहिकता (सहकारी, कंपनी, संघ इत्यादि) की सुविधा जैसे उपायों के माध्यम से स्थानीय समुदाय आधारित और विकेंद्रीकृत उत्पादन को बढ़ावा देकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम स्तर पर बनाए या उत्पन्न किया जा सकते हैं.**

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या यह कमजोर और हाशिए पर रहने वाले लोगों की आजीविका को बढ़ाता है और सुरक्षित करता है, क्या यह आजीविका के सभी गरिमापूर्ण स्रोतों को सम्मान देता है?

7. **देश की कृषि पारिस्थितिकी और सामाजिक सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय भूमि/जल उपयोग कार्यक्रम और नीति जिसमें सबसे महत्वपूर्ण**

पारिस्थितिकी तंत्र और पारिस्थितिकी कार्यों के संरक्षण के लिए कदम हों जिन पर सभी जीवन (गैर मनुष्य के अलावा भी) और उसका हिस्सा सामान्य अन्य, वन्य जीव और जैव विविधता निर्भर हैं; देशभर में भूमि/मिट्टी और जल पुनर्जन्म का एक कार्यक्रम शुरू करना जो स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए टिकाऊ प्राकृतिक संसाधन से संपत्तियों के निर्माण करने पर केंद्रित हो; यह सब कानून की मदद से किया जाना जिससे वन अधिकार अधिनियम में पहले से प्रदान किए गए स्थानीय समुदाय के अधिकारों को और सशक्त बनाने और मान्यता दिलवाने में मदद हो, साथ ही प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र और प्रजातियों के अधिकारों को संवैधानिक मान्यता मिले.

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या यह प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र और पारिस्थितिक कार्यों की रक्षा करता है?

8. यह सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक नीति और कानूनी व्यवस्था हो कि आर्थिक नियोजन द्वारा स्थानीय से राष्ट्रीय, सभी स्तरों पर पारिस्थितिक सीमा के सम्मान की व्यवस्था है. परियोजनाओं, कार्यक्रम, योजना और क्षेत्र के व्यापक पर्यावरण प्रभाव का मूल्यांकन स्वतंत्र रूप, सहभागितापूर्ण विधि से हो; मानव या पशु स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के लिए हानिकारक सभी रसायनों और पदार्थों को पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील पदार्थ द्वारा प्रतिस्थापित किया जाए.

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या यह प्राकृतिक पर्यावरण को बनाए रखना है और लोगों और वन्यजीवों के लिए महत्वपूर्ण पारिस्थितिक स्वास्थ्य को बनाए रखना है, क्या हर किसी के पास सांस लेने के लिए शुद्ध हवा, पीने के लिए साफ पानी और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक सुरक्षित स्थान है?

9. स्वास्थ्य, स्वच्छता, आवास, शिक्षण और शिक्षा, पानी, भोजन और ऊर्जा और आजीविका सहित सभी बुनियादी जरूरत के लिए सार्वजनिक समर्थन को प्राथमिकता देने वाले कार्यक्रमों को वर्तमान में आवंटित बजट की तुलना में अधिक बजट आवंटन; सभी खाद्य उत्पादन को कृषि पारिस्थितिकी और सुरक्षित प्रक्रिया में परिवर्तित करने के लिए अभियान, साथ में, छोटे किसानों, चरवाहों, मछुआरों को पूरी सहायता और भूमि, बीज, जल, ज्ञान, और अन्य पर उनका पूर्ण अधिकार; 2030 तक विकेंद्रीकृत

नवीकरणीय स्रोतों के माध्यम से अधिकांश ऊर्जा का उत्पादन करने में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ पारिस्थितिक सीमा के भीतर आवश्यक सामग्री की मांग को पूरा करने के उपाय; हाशिये पर रहे वर्गों को जलवायु संकट और अन्य आपदाओं का सामना करने व अनुकूल होने में मदद करने के लिए कार्यवाही; और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और सुरक्षित करने के लिए तत्काल कार्यवाही जो आवश्यक जीवन कार्यों के लिए पानी के उपयोग को प्राथमिकता.

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या यह हर किसी की किफायती बुनियादी जरूरत को बढ़ाता, सुरक्षित और सुलभ/वहनीय बनाता है, विशेष रूप से उन लोगों की जो वर्तमान में इससे वंचित हैं, वो भी ऐसे उपायों के द्वारा, जो पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ हैं और जो इनका लोकतांत्रिक, समुदाय आधारित नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं?

10. **शहरी और ग्रामीण बस्तियों को सम्मानजनक, रहने योग्य और टिकाऊ बनाने के लिए कदम, और यथासंभव बुनियादी जरूरत के लिए आत्मनिर्भर बनाने और समाज के कमजोर वर्गों के लिए भूमि, आवास और अन्य सुविधाओं तक पहुंच के पूर्ण अधिकार और गतिशील परिवहन के सार्वजनिक और गैर मोटर योग्य साधनों को सर्वोच्च प्राथमिकता.**

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या यह हर किसी के लिए विशेष रूप से वर्तमान में उपेक्षित लोगों के रहने योग्य बेहतर और टिकाऊ जीवन स्थितियों की ओर ले जा रहा है?

11. **सभी प्रकार की विद्या और शिक्षा की पद्धति बदलने की पहल जो गतिविधि आधारित, आनंद दायक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिकी संचालित हो (मातृभाषा में सीखने को प्राथमिकता देते हुए), शिक्षार्थियों को स्व-शिक्षण प्रक्रियाओं, आलोचनात्मक सोच, प्रश्न खड़े करने के लिए प्रोत्साहन और आत्म जागरूकता से प्रेरित न्याय और जिम्मेदारियां की नैतिकता को अपने में स्थापित करने में सक्षम बनाए. सांस्कृतिक विविधता और पारिस्थितिकी स्थिरता के प्रति सम्मान, जिसमें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रासंगिक संशोधन और बच्चों व वयस्कों दोनों के लिए समुदाय आधारित प्रक्रिया शामिल हो. सभी स्तरों पर हाशिये पर रहने वाले समूहों के लिए और उनसे संबंधित,**

विशिष्ट पाठ्यक्रम जोड़ा जाना चाहिए और विशेष जरूरत वाले लोगों सहित सभी के लिए शिक्षा को पूरी तरह से सुलभ बनाने हेतु संचार के वैकल्पिक तरीकों को खोजना, सक्षम बनाना और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए.
सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 6% इस क्षेत्र के लिए आवंटित किया जाना चाहिए.

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या यह ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विशेष कर, वर्तमान में हाशिये पर रहने वाले लोगों के लिए समग्र शिक्षण के अवसर प्रदान कर रहा है?

12. **नवाचार प्रौद्योगिकी और ज्ञान पर एक व्यापक नीति और कार्यक्रम, जो नवाचार की सार्वजनिक और अनौपचारिक प्रक्रियाओं का प्रोत्साहन और समर्थन करते हैं, 'आम' लोगों की रचनात्मकता को मान्यता देते हैं, स्वतंत्र मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक और सामान्य डोमेन में ज्ञान और सूचना की उपलब्धता को बढ़ावा देते हैं, लोक ज्ञान सहित ज्ञान प्रणाली की विविधता को पहचानते हैं और उसका सम्मान करते हैं और सभी तकनीकी विकास को सार्वजनिक समीक्षा के लिए सामने रखते हैं जिस से कि न्याय, सुलभता और टिकाऊ की**
लक्ष्य प्राप्ति के प्रति उनकी ज़िम्मेदारी का मूल्यांकन हो सके.

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या यह ज्ञान और प्रौद्योगिकी को और अधिक लोकतांत्रिक और सार्वजनिक रूप से सुलभ बनाता है?

13. **सभी के स्वस्थ जीवन के लिए अनुकूल स्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए एक व्यापक नीति और प्रासंगिक कार्यक्रम, विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लिए, इसके अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य प्रणालियों के समन्वित उपयोग, स्वास्थ्य के अन्य मानकों का जोड़ (भोजन, सामाजिक मानसिक और शारीरिक वातावरण, शिक्षा आदि), सामुदायिक प्रशासन और नियमित जांच शामिल है;**
सार्वजनिक क्षेत्र सभी तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करने के लिए, सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 3% इसके लिए आवंटित हो।

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या यह सभी के लिए स्वास्थ्य की अनुकूल स्थिति संभव कर पा रहा है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो वर्तमान में स्वस्थ्य स्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं?

14. **कला क्षेत्र (दृश्य और प्रदर्शन) की लोकतांत्रिक समृद्धि को प्रोत्साहित करने वाले नवाचार हों और जहां कहीं जाति, वर्ग और लिंग के आधार पर भेदभाव अंतर्निहित है उसे हटाने की पहल हो. कला को सभी के लिए सुलभ बनाया जाए और इस को प्रोत्साहित करने वाले सार्वजनिक संस्थानों को स्वतंत्र निकाय में परिवर्तित करने की पहल हो.**

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या कला इस तरह से फल-फूल रही है कि यह सबके लिए सहज सुलभ हुई है.

15. **मानवाधिकार, शांति और नि:शस्त्रीकरण,और पारिस्थितिकी ज्ञान के पुरोधा के रूप में भारत की वैश्विक भूमिका को फिर से स्थापित करने के लिए कदम जिसमें संयुक्त राष्ट्र का पुनरुद्धार और वैश्विक निर्णय देने के लिए लोगों की लोकतांत्रिक पहुंच का समर्थन करना और व्यापार और अन्य आर्थिक समझौते मानवाधिकार और पर्यावरण समझौतों के अधीन करने की वकालत करना शामिल है.**

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या यह वैश्विक शांति, सह-अस्तित्व और न्याय को बढ़ाता है? क्या यह वैश्विक निर्णय में लोगों और समुदाय की आवाज को पहुंचाने में सफल हुआ है?

16. **उपरोक्त सभी में भारत के युवाओं, विकलांग व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, लैंगिक अल्पसंख्यकों, दलित, आदिवासियों और हाशिये पर पड़े और कमजोर वर्ग के अन्य लोगों के सशक्तिकरण और सुविधा पर विशेष ध्यान दें, और उनकी अपनी आवाज को वर्तमान और भविष्य का निर्धारण करने में सक्षम बनाएं. (कृपया युवाओं पर भाग 3 देखें)**

प्रत्येक सार्वजनिक कार्यवाही का आकलन: क्या यह युवाओं, महिलाओं और अन्य हाशिये पर पड़े लोगों, और अन्य कमजोर लोगों को बेहतर न्याय और आत्मनिर्णय के लिए सशक्त बनाता है?

भाग 3 : क्षेत्र आधारित काम, विस्तार से

समाज, संस्कृति, और शांति

भारत धार्मिक और जातीय संघर्ष और सहिष्णुता के खतरनाक प्रसार का सामना कर रहा है और सांस्कृतिक विविधता और सह-अस्तित्व पर आधारित इसकी सहस्त्राब्दियों पुरानी सभ्यता गंभीर खतरे में है. जबकि पिछले कुछ दशकों में हाशिये पर पड़े लोगों की आवाज़ को मजबूत करने, असमानता में कमी लाने, और लिंग, जाति, जातीयता और अन्य विशेषताओं के आधार पर भेदभाव में बहुत कुछ हासिल किया गया है, इनमें हिंसा और भेदभाव के कारण बने ही हुए हैं जो विषाक्त तरीकों से उपरोक्त में मिश्रित हो रहे हैं. संपोषण, सह-अस्तित्व और परस्पर सम्मान को प्रोत्साहित करने और असमानताओं और भेदभाव को दूर करने के निरंतर प्रयास की बजाय, राज्य इन प्रतिगामी रुझानों को प्रोत्साहित कर रहा है. यहां तक कि हाल के दिनों में उसने यौन हिंसा को भी नजरअंदाज या प्रोत्साहित किया है. हालांकि कई सार्थक पहल सामने हैं, जिनमें से कुछ को राज्य सरकारों का समर्थन भी है जिसमें संवाद, संघर्ष समाधान और सह अस्तित्व की पुनः स्थापना के प्रयास हैं, जिस से जुड़कर लोगों में समझ विकसित हो सकती है. इस संदर्भ में तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता हैं:

असमानता, असमता, और विभिन्न प्रकार के भेदभावों को दूर करना जिसमें जाति, लिंग, लैंगिक पसंद, वर्ग, जातीयता, आस्था, धर्म, नस्ल, क्षमता, विकलांगता, साक्षरता, स्थान और ऐसी अन्य विशेषताएं शामिल हैं व सभी के सम्मानजनक जीवन के लिए विशेष कार्यक्रम बनाना; इसमें भारत के कई संवैधानिक प्रावधानों और कानूनों का मजबूत कार्यान्वयन शामिल है जो ऐसे प्रयासों को अनिवार्य बनाये, परन्तु समाज के उन वर्गों के लिए इसके दुरुपयोग को भी रोकना होगा जिन्हें पहले से ही कई प्रकार से विशेष अधिकार प्राप्त हैं. समधर्मी परंपराओं और प्रथाओं का प्रोत्साहित करना जो सह-अस्तित्व को बढ़ावा देते हैं जैसे विभिन्न आस्था वाले लोगों द्वारा एक साथ मनाए जाने वाले त्योहार;

ऐसी पहल को सशक्त करें जिसका उद्देश्य विभिन्न जातीयता, धर्म, संस्कृति, भाषा, आस्था और विचारधारा के समुदायों के बीच सद्भाव और पारस्परिक सम्मान को बनाए रखना और प्रोत्साहित करना हो (जैसे कि विभिन्न त्योहारों में सामूहिक अंतर-सामुदायिक उत्सवों को प्रोत्साहन देना), और उन लोगों के खिलाफ तुरंत कदम उठाएं जो नफ़रत, असहिष्णुता, ग़लत जानकारी का माध्यम बनते हैं या प्रोत्साहित करते हैं;

बचपन से ही स्कूलों और अन्य शिक्षा संस्थानों में समुदायों के बीच साझा उत्सव और आयोजनों को प्रोत्साहित करके विविधता और बहुलता के लिए जागरूकता और सम्मान को पैदा करें;

एक व्यापक कानून बनाया जाए जो गैर पक्षपात और समानता के लिए हो जिससे सामाजिक भेदभाव के सभी रूपों के खिलाफ समान अवसर और संरक्षण सुनिश्चित हो.

गायब हो रही भाषाओं और बोलियों को संभालने या पुनर्जीवित (जरूरत पड़ने पर) करने के लिए, अंतर-पीढ़ी व सीखने-सिखाने के अन्य माध्यमों में संभाषण को सुगम करने के लिए, स्कूलों या अन्य शिक्षा संस्थानों में मातृभाषा में शिक्षा को अनिवार्य करने के लिए, ऐसी भाषाओं का आधिकारिक कार्यक्रमों में उपयोग के लिए, ऐसी भाषाओं और बोलियों के शब्दकोश और शब्दावली (जहाँ उपयुक्त हो) के निर्माण के लिए और इस सबके लिए संवैधानिक और नीति विधान में प्रावधान जोड़ने के लिए शीघ्र कदम उठाए जाएं;

केवल 6 धर्मों को जनगणना में शामिल करने का निर्णय वापस लिया जाए, और उसके बजाय सभी धर्मों, चाहे कितना भी छोटा हो, की पहचान और मान्यता को शामिल किया जाए; साथ ही जातियों पर जनगणना को वापस शामिल करें ताकि संबंधित योजनाओं और कार्यक्रमों के सही अमल को सुनिश्चित किया जा सके;

इसी प्रकार विभिन्न प्रकार की कलाएं (दृश्य, प्रस्तुति, आदि), जो गायब हो रही हैं, उनके संचालन या पुनर्जीवन के लिए तत्काल कदम उठाएं, सरकार द्वारा शुरू किये गए संस्थानों को सार्वजनिक निधियों से वित्तपोषित स्वतंत्र निकायों में बदलने के लिए कदम उठाए जाएं;

समुदायों के बीच समझौते और शांतिपूर्ण सहयोग को बढ़ावा देने के लिए, विवादों के समाधान और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने के लिए, विशेष रूप से तनाव और विवाद के क्षेत्र, अंतर-समुदाय समझ और संवाद के मंच को प्रोत्साहित किया जाए;

बचपन से ही जेंडर शिक्षा को शामिल करके, गाँवों और शहरी मोहल्लों में जेंडर समानता और सम्मान के लिए वार्ता मंच बनाकर, देखभाल के कार्य और अन्य अवैतनिक श्रम की पहचान करके, महिलाओं को नगरीय और ग्रामीण योजना निर्माण में शामिल करके, भौतिक उपाय

यानी कि सड़कों पर अच्छी रोशनी, सार्वजनिक / निजी शौचालय, सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन, और सुरक्षित साइकिल / पैदल पथों, जैसे कदमों के माध्यम से यौन हिंसा के विरुद्ध, महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करें;

सकारात्मक कार्रवाई के माध्यम से जेंडर और लैंगिक अल्प समुदाय के लिए समावेशिता और समान अवसर को बढ़ावा देना, सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों तक पहुंच बढ़ाना, बजट और रोजगार के अवसर बढ़ाना.
जेंडर के लिए आवंटित बजट में परलैंगिक (ट्रांसजेंडरों) के लिए भी प्रावधान रखना.

विशेष कार्यक्रम और प्रोत्साहन योजनाएं लागू करके (जिस क्षेत्र में अभी तक नहीं दिया गया है) अनुसूचित जातियों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और विकलांग व्यक्तियों के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रोजगार आरक्षण या विशेष कर सुविधा जैसी सुविधाओं को शामिल करना, आवश्यक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना.

शिक्षा संस्थानों में न्याय, अहिंसा, सरलता, सम्मान, अन्याय, उदारता, जिम्मेदारी और साझेदारी जैसे मूल्यों को पुनर्जीवित करना, उस पारंपरिक विधि से नहीं, जहां ज्ञान, शीर्ष-से-नीचे उपदेश के रूप में आता है, बल्कि ऐसी गतिविधियों के माध्यम से जहां हर्ष और शिक्षा का समागम है.

लोकतंत्र

संविधान नागरिकों के अधिकारों और प्रत्याभूति सहित लोकतांत्रिक कार्यवाही और प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करता है। हालांकि, इन्हें सघन करने की आवश्यकता है, खासकर ग्रामीण और शहरी स्वशासन के संबंध में, साथ ही सभी नागरिकों की पूरी भागीदारी के साथ मजबूत क्रियान्वयन भी आवश्यक है, जिसके प्रयोग हो चुके हैं और उदाहरण हमारे पास हैं. हाल के समय में लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का राज्य द्वारा हनन के संदर्भ में, जहां असहमति की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति और सभा के अधिकार, जो हमारे संविधान की भाषा और भाव में है, को छीनने के प्रयास हो रहे हैं, आगे बेहतर लोकतंत्रीकरण की विशेष रूप से आवश्यकता है. इस संदर्भ में, सार्थक स्वराज की दिशा में तत्काल कदम उठाने आवश्यक हैं, जैसे कि:

संविधान में निहित मौलिक लोकतांत्रिक स्वतंत्रता और अधिकार को सभी सार्वजनिक मंचों और कार्यक्रमों में सुदृढ़ करें.

स्वशासन के निकायों को कानूनी निकायों (निकाय कॉर्पोरेट) के रूप में मान्यता प्रदान करते हुए, वित्तीय और कानूनी विकेन्द्रीकरण के लिए मदद करें, जो कि 73वीं और 74वीं संविधानी संशोधन और संबंधित कानूनों के अंतर्गत उनके पास है.

ग्राम सभाओं को स्वशासन की पूर्ण शक्तियां, जहाँ उचित हों, प्रदान करें (यानी सिर्फ पंचायत नहीं, पूरी ग्राम सभा), उपरोक्त को पारंपरिक प्रबंधन के साथ जोड़ें (विशेष रूप से आदिवासी / जनजातीय या पहाड़ी और द्वीप समुदायों के लिए), या 73वें संविधानी संशोधन के प्रयोजन के लिए उन्हें ग्राम सभा / पंचायत के रूप में मान्यता दें (जैसा कि सिक्किम में द्ज़ुम्सा प्रणाली के मामले में हुआ), जिससे आंतरिक सुधार लागू हो सके और जाति, लिंग या अन्य आधार पर अन्याय और भेदभाव दूर हो सके.

वार्ड सभाओं या अन्य मौजूदा शहरी प्रशासन संस्थानों के अधीन, जो बहुत बड़े हैं और सामुदायिक सदस्यों की सीधी भागीदारी संभव नहीं है, क्षेत्र या मोहल्ला सभाओं (शहरी पड़ोस) को पूर्ण स्वायत्तता की शक्तियां प्रदान की जाएं.

स्वायत्तता के इन उपरोक्त मंचों में सहभागिता के लिए सभी नागरिकों की अर्थपूर्ण क्षमता बढ़ाई जाए, ताकि सभी नागरिकों की सहमति पर आधारित निर्णय की प्रक्रिया का निर्माण हो.

ऐसे लोगों के लिए विशेष सुविधा प्रदान की जाए, जो निर्णय-निर्माण के मंचों से वर्तमान में दूर हैं, जैसे कि महिलाएं और लैंगिक अल्प समुदाय.

बड़े क्षेत्रों (जैव-सांस्कृतिक क्षेत्र) के लिए ऐसे प्रशासन, योजना और प्रबंधन संस्थानों को आरंभ किया जाए जिनकी उस क्षेत्र के साथ पारिस्थितिकी, भूगोलीय और सांस्कृतिक संलग्नता हो (जैसे नदी और जलाशय, उप-जलधाराएँ, वन के आसपास के बसेरे, आदि). यह संस्थान मौजूदा जिला, उप-जिला और राज्य की सीमाओं से सम्भव है कि लगे हों या यह भी संभव है कि ना लगे हों; साथ ही मौजूदा राजनीतिक सीमा की पुनःकल्पना की प्रक्रिया शुरू की जाए ताकि पारिस्थितिक और सांस्कृतिक संलग्नता और जुड़ाव से संबंध सहज हो.

सामूहिक या सामुदायिक उपक्रम तथा जन आंदोलन और सहकारी समूह, जो दल-गत नहीं हैं, को राजनीतिक रूप से संगठित होने के लिए मदद करना और प्रोत्साहित करना.

सभी राजनीतिक निकायों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जाएं या मजबूती प्रदान की जाए, जिसमें खातों और वित्त के स्रोतों का पूर्ण सार्वजनिक खुलासा शामिल हो.

संवैधानिक निकायों, कानूनी निकायों और अर्ध-न्यायिक निकायों की स्वतंत्रता और पारदर्शिता को बढ़ावा दिया जाए और मजबूत किया जाए, इसके अंतर्गत नियुक्तियों में निष्पक्षता की गारंटी देने वाली प्रक्रियाओं को स्थापित करना, चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, अनुचित प्रभाव को रोकने के लिए सेवा की शर्तों की संरचना और उनका निर्धारण, शामिल है. साथ ही ऐसे निकायों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता के लिए जवाबदेही के तंत्रों को मजबूत करना होगा और इन निकायों की स्वतंत्रता और प्रभाव को बढ़ाने के उपायों पर काम करना होगा. विशेष रूप से हाशिये पर रहने वाले समाज के वर्गों के अधिकारों और न्याय की रक्षा, सार्वजनिक और निजी व्यापार सेक्टर के नियंत्रण, और जो स्वयं अपने लिए सक्षम नहीं हैं उनके कल्याण में भूमिका के लिए राज्य के अंगों की पूर्ण जवाबदेही सुनिश्चित की जाए. विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों और कार्यक्रमों में परिणामों, लक्ष्यों, प्रक्रियाओं और उपलब्धियों के बारे में नियमित, विश्वसनीय और खुली संचार और सूचना की शुरुआत हो, जिसे जनसाधारण लोग सार्वजनिक मुआयनों और सुनवाइयों के माध्यम से सत्यापित कर सकें.

आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं (परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदि) का विनिवेशी वित्त और पीपीपी मॉडल्स के नाम पर निजीकरण ना सिर्फ रुकना चाहिए बल्कि इसकी उलट प्रक्रिया चलनी चाहिए, क्योंकि इन सेवाओं तक गरीब की पहुँच घट रही है, युवा सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से वंचित हैं, और सामाजिक क्षेत्रों के बजट आवंटन को कम करने का राज्य बहाना दे रहे हैं.

इस दस्तावेज़ में दी गई विभिन्न प्राथमिकताओं के लिए, जहां नहीं हुआ है, पूर्ण भागीदारी और परामर्शात्मक प्रक्रियाओं के माध्यम से, नीति रूपरेखा लायी जाए.

सभी कानूनों और नीतियों के नियमन और समीक्षा में जन सलाह को शामिल करना अनिवार्य बनाया जाए, ताकि पारदर्शिता और भागीदारी सुनिश्चित हो; सुनिश्चित करें कि ग्राम सभाएँ, शहरी वार्ड, और अन्य स्वायत्तता संस्थान इस प्रक्रिया के केंद्र में रहें.

सभी कल्याण कार्यक्रम और योजनाएं एक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से कार्यान्वित हों, यह सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक मुआयनों को अनिवार्य बनाने और नागरिक निगरानी के तंत्रों को बढ़ावा देने के लिए एक कानून पारित किया जाए.

पुलिस या सशस्त्र बलों को निरंकुश अधिकार देने वाले, लोकतांत्रिक विरोध को दबाने और विरोधी नागरिकों को आतंकवादी या राजद्रोही या अन्य ऐसे शब्दों से चिह्नित करने के लिए प्रयोग किए जाने वाले कानून और प्रावधानों को खत्म किया जाए; इसके बजाय, लोकतांत्रिक कार्यान्वयन में योगदान देने वाले सशक्त सिविल सोसाइटी विमर्श मंचों को प्रोत्साहित किया जाए.

सिविल सोसाइटी समूहों सहित सभी संगठनों और संस्थाओं में आंतरिक लोकतंत्र और पारदर्शिता को बढ़ावा दिया जाए.

जीविका और रोज़गार

भारत को बेरोजगारी, अल्प-रोज़गार और गलत रोजगार की एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, और ऑटोमेशन के नए रुझानों से स्थिति के और भी गंभीर होने की संभावना है. बड़े स्तर पर 'डी-स्किलिंग' का भी गंभीर मामला सामने आ रहा है, जैसे कि कृषि और कला-शिल्प जैसी पारंपरिक दक्षता और कौशल को नकारा जा रहा है और उन कुशल हाथों का स्थान व्यापारिक उत्पादन में लगे असंख्य हाथों ने ले लिया है. 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के कार्यक्रमों में स्थानीय आजीविका के कुछ घटक हैं, लेकिन अधिकांशतः उनका ध्यान बड़ी कंपनियों और व्यापार पर है, जिससे कला, लघु विनिर्माण और कृषि प्रोसेसिंग के साथ-साथ बायोमास पर आधारित ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास और छोटे प्रदाताओं द्वारा प्रबंधित सेवाओं की भारी संभावना को नकार दिया जाता है. स्थानीय स्वायत्तता को पूरी तरह अनदेखा कर दिया जाता है. अर्थपूर्ण, गरिमामय, पर्याप्त जीविका और रोजगार की खोज के सन्दर्भ में, समुदायों, सिविल सोसाइटी और कुछ राज्य सरकारों द्वारा पहले से ही हजारों उदाहरण दिए जा रहे हैं. इसके लिए तत्काल उपाय ज़रूरी हैं.

सरकारी कार्यों में सबसे अधिक प्राथमिकता समुदायों या व्यक्तियों द्वारा चुनी जाने वाली पारंपरिक जीविका और व्यवसायों की निरंतरता और उनमें सुधार को तथा किसी भी जातिवाद, लैंगिक या अन्य भेदभावों को दूर करने में मदद करने के लिए देना चाहिए; इसमें कृषि, पशुपालन (घुमंतू या स्थायी), वन्यजीवन, मत्स्य पालन, शिल्पकला, छोटे उद्योग, पारंपरिक चिकित्सा और अन्य ऐसे क्षेत्र शामिल हों (जानते हुए कि अधिकांश भारतीय इन पर ही आश्रित

हैं); वर्तमान और नई पीढ़ियों को ऐसी आजीविकाओं में बने रहने या उन्हें अपनाने के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जाए, जैसे आर्थिक मूल्य श्रृंखलाओं के माध्यम से, पुरुष-नियंत्रित क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त करना, जमीन सहित संबंधित संसाधनों पर समुदाय के अधिकारों को मान्यता देना (वन अधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन संसाधनों के मॉडल का उपयोग करके) और नवाचार के प्रोत्साहन या बढ़ावा देने के लिए संस्थान.

स्थानीय, समुदाय-आधारित और विकेन्द्रीकृत उत्पादन को बढ़ावा देकर (पारंपरिक और नए शिल्प समेत), उत्पादक संगठनों (सहकारिता, कंपनियां, संघ आदि) के सदस्यों द्वारा लोकतांत्रिक रूप से संचालन की प्रक्रिया से, इन उत्पाद और सेवाओं में बड़ी कंपनियों के नियंत्रण को धीरे-धीरे समाप्त कर, गांव और आसपास के शहरों में जहां यह उत्पादन प्रक्रिया चल रही है, वहां इसे सुविधाजनक बनाकर, सूक्ष्म, लघु और मध्यम मात्रा में बनाए या उत्पन्न किए जा सभी उत्पादों और सेवाओं को आरक्षित किया जाए.

एक प्रकार के काम के लिए पुरुषों और महिलाओं के बीच वेतन और प्रतिपूर्ति में असमानता को हटाने के लिए कदम उठाना आवश्यक है.

अधिकतम वेतन और पारिश्रमिक को सीमित करने के उपाय आरंभ हों, जो औसत आय के दोगुने से अधिक नहीं हो. शारीरिक और मानसिक परिश्रम, विभिन्न प्रकार के व्यवसायों और संस्थान के विभिन्न स्तरों के बीच वेतन में असमानता, को कम से कम संभावना तक कम करने के उपाय किये जायें.

मनरेगा, जैसे, मौजूदा रोजगार गारंटी कार्यक्रमों का दायरा बढ़ाना होगा, साथ ही शहरी आजीविका गारंटी योजना जैसे नए कार्यक्रमों का सूत्रपात करना होगा जिससे शहरी गरीबों को मौलिक आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा सके.

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम (ESI) के घेरे में सभी कर्मचारी, असंगठित क्षेत्र के कर्मचारी भी, लिए जाएं. ESI फंड (कथित तौर पर 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक) का उपयोग कर्मचारियों के कल्याण के लिए हो;

सुनिश्चित किया जाए कि एक सार्वभौमिक न्यूनतम पेंशन, कम से कम पिछले प्राप्त वेतन का आधा या न्यूनतम मासिक मजदूरी, दोनों में जो अधिक है, देय हो;

पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील, सतत और गरिमामय जीविका और रोजगार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, 'हरित रोज़गार' और बदलाव के रोज़गार, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रोत्साहित किया गया है (जिसमें 'गंदे रोज़गार' में लिप्त लोगों के लिए आवश्यक नवीन कौशल और कौशल में प्रवीणता की उपलब्धता शामिल है) की राह प्रशस्त हो.

राष्ट्रीय मानक में सेवा के काम को शामिल करके अर्थव्यवस्था के संपूर्ण बोझ के लिए समग्र समझ और वेतन सहित कुछ समय अवधि का अवकाश, सीमित खर्चे में बच्चों की देखभाल, वृद्ध स्वास्थ्य सेवाएं, और सार्वजनिक स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणालियों में उचित निवेश के माध्यम से महिलाओं जैसे देखभालकर्ताओं के दीर्घकालीन सम्पूर्ण कल्याण को प्रोत्साहित किया जाए.

सभी रिक्त सरकारी पदों के लिए समय पर भर्ती सुनिश्चित हो; शिक्षा, स्वास्थ्य-सेवा, न्यायपालिका, आयोग और अन्य आवश्यक लोक-सेवा विभाग के रिक्त पदों को भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाए.

अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी

पूर्व में भारतीय अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी विकास में राज्य का दबदबा होता था, लेकिन फिर इसमें निजी कॉर्पोरेट्स का दबदबा भी जुड़ गया, विशेषकर 1991 के बाद के तथाकथित 'सुधार' के बाद. इसके कई परिणाम सामने आये हैं, जैसे: असमानता में वृद्धि, असंख्य उत्पादन कर्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी जिनका उत्पादन की प्रणाली पर कोई नियंत्रण नहीं है, उपभोक्ताओं का अपने उपभोग पर कमज़ोर नियंत्रण, प्रौद्योगिकियों के पारिस्थितिक और सामाजिक प्रभावों से संबंधित नियम कमज़ोर या नदारद, और कॉर्पोरेट्स को अपने लाभ के लिए ज़मीन, संसाधन और वित्त लगभग मुफ्त में उपलब्ध. इसकी विपरीत प्रवृत्ति के रूप में, आर्थिक और प्रौद्योगिकी विकास में लोगों और पर्यावरण को प्राथमिकता देने वाली पहल भी सामने हैं. पहले से मौजूद वैकल्पिक दृष्टिकोणों और इस पूरे संकट के संदर्भ में, अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी पर सार्वजनिक, लोकतांत्रिक नियंत्रण (आर्थिक स्वराज) को पुनर्स्थापित करने की गंभीर आवश्यकता है, जिसमें निम्नलिखित उपाय शामिल हैं:

उत्पादन और विनिमय के सभी क्षेत्रों में, जहां तक संभव और साध्य है, पुन: स्थानीयकरण को योग्य बनाया जाए, विशेष रूप से मूल आवश्यकताओं की प्रदानशीलता में, जिसका

दीर्घकालिक उद्देश्य कुछ किलोमीटर के क्षेत्र की आबादी को आवश्यकताओं के आधार पर आत्मनिर्भर और आत्म-पूरक समुदाय के रूप में विकसित करना हो (भोजन, ऊर्जा, जल और अन्य क्षेत्र के विकेंद्रीकरण के बारे में नीचे देखें);

निजी कॉर्पोरेट सेक्टर को मज़बूती से नियंत्रित करें ताकि श्रम और पर्यावरण का शोषण और विभिन्न प्रकार के एकाधिकार खत्म हों, और अंततः इस प्रकार के सभी उत्पादों को लोकतांत्रिक रूप से चलाए जा रहे उत्पादक संगठनों, जिन्हें पर्याप्त सहयोग प्राप्त हो, द्वारा बदल दिया जाए;

सामुदायिक मुद्रा, गैर-मुद्रीकृत प्रणालियाँ, उपहार अर्थव्यवस्था, और समय साझाकरण को बढ़ावा देने के लिए विकेन्द्रीकृत, स्थानीय विनिमय प्रणालियों के सृजन और प्रसार को प्रोत्साहित करें, जो हर काम के समान मूल्य, सिद्धांत पर आधारित हों;

बड़े पैमाने पर व्यापार और आर्थिक विनिमय के लिए प्रणालियों के संचालन के सिद्धांत लागू करें, जिसमें स्थानीय स्वावलंबन या मूल आवश्यकताओं का स्वावलंबन खतरे में न हो;

राजस्व उत्पन्न करने और आर्थिक निर्णय लेने के लिए राज्यों और स्थानीय स्वायत्तता के प्रोत्साहन के द्वारा वित्तीय विकेंद्रीकरण और संघीयता को मजबूत किया जाए.

सभी वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन की प्रक्रिया को पर्यावरण के लिए संवेदनशील और संपोषणीय बनाने की तरफ प्रयास हो.

उत्पादन-कर्ताओं और समुदायों में प्रौद्योगिकी और आर्थिक नवाचार को प्रोत्साहित करें, यह स्वीकार करते हुए कि हजारों वर्षों से औसत व्यक्तियों के द्वारा नवाचार होता रहा है और यह किसी आधुनिक, औपचारिक संस्थान का एकाधिकार नहीं है. मौजूदा योजनाओं, नियोगों के दिशा-निर्देशों को लेकर पुनर्विचार किया जाना चाहिए. डिजाइन, नवाचार और कौशल के संस्थानों की नीतियों में बदलाव किया जाए ताकि उनके द्वारा लोकतांत्रिक, विस्तारवादी, गैर-संस्थागत प्रणालियों का सम्मान और प्रोत्साहन हो.

उत्पादन, परिवहन और अन्य संबंधित प्रक्रियाओं को संपोषणीय पारिस्थितिकी और सामाजिक-सांस्कृतिक संवेदनशीलता की दिशा में ले जाने वाले नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाए.

सकल घरेलू उत्पाद को बहुआयामी, गुणात्मक-मात्रात्मक आर्थिक समृद्धि के रूप में देखना होगा, जिसमें भौतिक, सामाजिक-सांस्कृतिक, पारिस्थितिकी समृद्धि के पहलुओं को शामिल किया जाए, जो
गैर-उपनिवेशवाद, नारीवाद, पारिस्थितिक दृष्टिकोणों पर आधारित हों; मौजूदा व्यवस्था और मापक, जैसे ग्रोस नेशनल हैप्पीनेस, नेशनल वेल-बीइंग अकाउंट्स, और जेन्युइन प्रोग्रेस इंडिकेटर, को भारतीय स्थितियों और जीवनशैली की विविधता के संदर्भ में संशोधित किया जाए (एक ही प्रकार के मापक के उपयोग के जाल में फंसे बिना).

बेहिसाब अपव्यय और उपभोग संस्कृति का लोगों में प्रभाव, के प्रति व्यापक जागरूकता से, उद्योग और विज्ञापन के नियामकन से, और धन के संचय को सीमित करने के उपाय से इस प्रवृत्ति को रोकने और हतोत्साहित करने (नीचे देखें) के प्रयास हों; उपभोक्ता संघ और यूनियन को सुविधा प्रदान हो जिस से अर्थव्यवस्था के लोकतांत्रिक नियंत्रण और मानव और पारिस्थितिकी स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता की दिशा में मदद मिले.

भारत में व्याप्त गहरी आर्थिक असमानता से निपटने के लिए मजबूत और तत्काल कदम, जैसे कि वेतन/आय पर प्रतिबंध, उच्च स्तर की आय, संपत्ति और विरासत पर भारी कर, 'गरीबी रेखा' के नीचे या उसके पास वालों की मूल आमदनी में वृद्धि, प्राथमिक क्षेत्र के उत्पादकों और सेवा प्रदाताओं के लिए पेंशन योजनाएं, और अन्य ऐसे उपाय; निजी संपत्ति और धन का नियमन या समाप्त करने की जरूरत पर एक राष्ट्रीय चर्चा की शुरुआत.

सुनिश्चित करें कि सभी योजनाएं, बजट निर्धारण और अन्य मैक्रो-आर्थिक नीतियां और कार्रवाई, पारिस्थितिक सीमाओं और सामाजिक-आर्थिक न्याय और समता के लक्ष्यों के साथ मेल खाती हों.

उपरोक्त अधिकांश क्रियाओं के संबंध में, अवैध या काली अर्थव्यवस्था को रोकने और समाप्त करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं (संपत्ति से आमदनी, जैसे लाभ, ब्याज, किराया और भागिता, जिसपर सीधे कर का भुगतान होना था पर नहीं किया गया), साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है और जिसका अर्थव्यवस्था और समाज के हर पहलू पर बुरा असर पड़ता है; इसमें बैंक कार्य में पारदर्शिता, और कर सुधार के कदम जैसे, कंपनियों का सकल लाभ कर, शामिल है।

भोजन, जल और ऊर्जा

कई दशकों की विकास और लाभ की योजनाएं, जिनका मुख्य उद्देश्य मूलभूत आवश्यकता पूर्ति रहा, के द्वारा कुछ निश्चित लाभ के बावजूद भारत अभी भी भूख, कुपोषण, और असुरक्षित भोजन, स्वच्छ और सुरक्षित पानी तक पहुंच और विश्वसनीय और साफ ऊर्जा स्रोतों की अनुपलब्धता के संकट से जूझ रहा है. इसके अतिरिक्त, सैकड़ों-लाखों लोग खाद्य, पानी, और ऊर्जा उत्पादन या प्रदानन की असुरक्षित और पारिस्थितिकी खतरनाक व्यवस्था का सामना कर रहे हैं, साथ ही खाद्य और पानी में विभिन्न प्रकार के जहरीले पदार्थों की मिलावट से जूझ रहे हैं. कई लोगों की पहल, जिनमें कुछ को राज्य सरकारों द्वारा समर्थन भी प्राप्त है, के द्वारा पारिस्थितिकी संतुलित तरीकों से सबसे कमजोर लोगों की आधारभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रयास हो रहे हैं, यह सीखने लायक कदम है. इस संदर्भ में, निम्नलिखित के लिए तत्काल कदम उठाने की ज़रूरत है:

भोजन

कृषि-पारिस्थितिकी (जैविक/प्राकृतिक को सम्मिलित करके) साधनों द्वारा खाद्य उत्पादन के लिए कृषि भूमि के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए और किसानों के उत्साहवर्धन के लिए कुछ इनाम भी प्रोत्साहन स्वरूप रखा जाए. कृषि-पारिस्थितिकी साधन जैसे कृषि में बाहरी हानिकारक तत्व का न्यूनतम उपयोग, जल की बचत, छोटे किसान आधारित कृषि, जैविक विविधता वाले अनाज (स्थानीय अनाज, दालें, आदि को प्रोत्साहित करना) का उत्पादन, और जहां किसान के पास अपना बीज, अपनी भूमि, और अपना स्वयं का ज्ञान है (अन्न स्वराज प्राप्त करने में सहायता); यह परिवर्तन सक्षम बनाने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिनियम को खाद्य

संप्रभुता अधिनियम के रूप में संशोधन किया जाए, और जब तक किसान आत्म-निर्भर नहीं हो जाते, तब तक केमिकल खाद्यान्न उत्पादन से संबंधित सभी अनुदानों को कृषि-पारिस्थितिकी उत्पादन में स्थानांतरित किया जाए; भारत को 2040 तक खाद्य उत्पादन में 100% जैविक बनने का लक्ष्य निर्धारित हो, रासायनिक खाद और कीटनाशक के कृषि में उपयोग को व्यवस्थित रूप से कम करने और उन्हें कम बाह्य दोष प्रवाहित तकनीकों से बदलने के लिए अंतरिम कदम उठाये जाएं.

